## ग्रामीण ओलिंपिक खेल का शुभारंभ

सीकर, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। सीकर विधायक राजेन्द्र पारीक ने कहा कि राजीव गांधी ओलिंपिक खेलों के आयोजन से सामाजिक सौहार्द और समरसता से खेलों का वातावरण निर्माण हुआ है। इससे खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा, एक ही परिवार के कई सदस्य इसमें भाग ले रहे हैं, ये सुखद अनुभव है। विशेष तौर से खेल खेलने से तनाव भी कम होता है, स्टूडेंट्स को भी इससे लाभ होगा। विधायक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कटराथल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलिंपिक प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। प्रतियोगिता में पिपराली ब्लॉक की 26 ग्राम पंचायतों की कबड्डी में 36, शूटिंग वॉलीबॉल में 7, टेनिस बॉल क्रिकेट में 30, खो- खो में 17, वॉलीबॉल में 26, फुटबॉल में 9 और रस्साकसी में 17 टीमों ने भाग लिया। जिसमें 1517 खिलाड़ी शामिल हैं। उद्घाटन मैच महिला वर्ग कबड्डी में पलासरा और बेरी के बीच खेला गया जिसमें पलासरा ने बेरी को 37- 23 से हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। महिला क्रिकेट में मलकेडा विजेता बनी, पुरुष कबड्डी में कुडली ने कोलीडा को हराया। इस अवसर पर सरपंच दिनेश आर्य, प्रभु सिंह कुडली, सुप्यार मील, हरप्यार, मूल चंद, राकेश बलौदा, सरजीत भींचर, भवानी शंकर, महावीर सैनी, रमेश धींवा, हरीश सोनी, गौतम चनेजा, अमीलाल तहसीलदार, डॉ.अजित शर्मा, राकेश कुमार, भंवर लाल गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण ओलिंपिक के खिलाड़ियों पर मधुमक्खियों का हमला

सीकर, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। ग्रामीण ओलिंपिक के दौरान खेलने के बाद आराम करने बैठे बच्चों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मामला नीमकाथाना का है। जहां खेलने आए 15 खिलाड़ियों और एक टीचर पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। नीमकाथाना कोतवाली उप निरीक्षण विजय चंदेल ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक में नेहरू पार्क में खेलने के बाद 15 खिलाड़ी और एक टीचर पास में ही 40 मीटर की दूरी पर स्थिति संतोषी माता मंदिर के बाहर स्थित एक गार्डन में आराम कर रहे थे। इस दौरान करीब दोपहर ढाई बजे गार्डन में एक पेड़ पर लगे छत्ते की मधुमक्खियों ने सभी पर हमला कर दिया। अचानक हुई घटना से बच्चों में चीख पुकार मच गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे नीमकाथाना कोतवाली थाने के उपनिरीक्षक विजय चंदेल ने सभी बच्चों को पुलिस की गाड़ी और निजी वहनों से नीमकाथाना जिला अस्पताल में भर्ती



करवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मनीषा (12) और कनिष्का (10) सीकर रेफर कर दिया। घटना के बाद अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। थाना उपनिरीक्षक विजय चंदेल ने बताया कि वे जिला कलेक्टर की जनसुनवाई से लौट रहे थे। इस दौरान संतोषी माता मंदिर के पास बच्चों चिल्लाते हुए देखा। जिस पर फौरन उन्हें पुलिस की गाड़ी और निजी वाहनों के जरिए जिला अस्पताल लेकर आए। फिलहाल करीब 13 लोगों का इलाज जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। खिलाड़ी राजकुमार वर्मा ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले की सूचना तुरंत ओलंपिक खेल में लगे कर्मचारियों को दी गई

## रेप का आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

सीकर, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। रेप के मामले में 4 महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला को शादी करने का झांसा देकर रेप करता रहा और बाद में मना कर दिया। मामला सीकर का है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि 17 जुलाई को महिला ने रेप का मामला दर्ज करवाया था। युवक उदयपुरवाटी,झुंझुनूं का रहने वाला प्रकाशचंद (40) महिला को शादी का झांसा देकर बार-बार रेप करता रहा। बाद में आरोपी के मना करने पर रिपोर्ट दर्ज करवा दी। तब आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई जगह दबिश दी लेकिन आरोपी का पता नहीं चला। इस दौरान पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि रेप का आरोपी मुंबई में है,जिसके बाद पुलिस टीम मुंबई पहुंची। पुलिस ने 5 दिनों तक मुंबई में डेरा डाले रखा और आरोपी को पकड़कर कर गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- मोदी सरकार ने कर दिया है वनों को बर्बाद

नई दिल्ली, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने डीम्ड फॉरेस्ट (मानित वन) से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने वन क्षेत्रों को बर्बाद कर दिया है।

रमेश ने जिस खबर का हवाला दिया, उसमें कहा गया है कि ओडिशा सरकार ने 11 अगस्त को जारी वह विवादास्पद आदेश वापस ले लिया है, जिसमें जिला अधिकारियों से कहा गया था कि हाल ही में संशोधित वन अधिनियम के तहत एक श्रेणी के रूप में डीम्ड फॉरेस्ट का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

डीम्ड फ़ॉरेस्ट वे भौतिक क्षेत्र हैं जो देखने में जंगल प्रतीत होते हैं, लेकिन



ऐतिहासिक या आधिकारिक रिकॉर्ड के तौर पर इस रूप में सूचीबद्ध नहीं हैं। भारत में कुल वन भूमि का लगभग एक प्रतिशत हिस्सा डीम्ड वनों का है। उच्चतम न्यायालय ने 1996 में व्यवस्था दी थी कि सरकारों को वनों की पहचान और वर्गीकरण करना चाहिए। राज्य वन को अपनी इच्छानुसार परिभाषित करने के लिए स्वतंत्र हैं। कांग्रेस महासचिव रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले सप्ताह वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में खतरनाक संशोधन पारित होने के बाद, ओडिशा सरकार ने तुरंत आदेश पारित किया कि डीम्ड वनों को अब वन नहीं माना जाएगा। अब केंद्रीय वन मंत्रालय का कहना है कि राज्य का आदेश वापस ले लिया गया है।

## 120 लोगों ने की देहदान करने की घोषणा

सीकर, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान के तत्वाधान में अंगदान जीवनदान महाअभियान के तहत 120 से ज्यादा लोगों ने देहदान की घोषणा कर कीर्तिमान रचा। देहदान करने वाले लोगों ने अपने आवेदन पत्र एसके मेडिकल कॉलेज ह्यूमन बॉडी डिपार्टमेंट को सौंपे । सुधीर महरिया स्मृति संस्थान के निदेशक व देहदान मोटिवेटर बीएल मील ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सुधीर महरिया स्मृति संस्थान, शेखावटी चैरिटेबल ब्लड सेंटर व राजस्थान ब्लड डोनर ग्रुप की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।15 दिनों तक चले देहदान जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 120 से अधिक लोगों ने देहदान करने का संकल्प लिया ।मील ने कहा कि लोगों की ओर से देहदान की घोषणा करने के बाद बहुत खुशी हो रही है। हमारी बॉडी रिसर्च पपेज के रूप में काम आएगा और सदियों तक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। सरकारी अस्पताल में रिसर्च के लिए बॉडी बाहर से खरीदकर मंगाई जाती है लेकिन अब उससे कम मंगवानी पड़ेगी। इसके साथ ही बॉडी के एक्टिव पार्ट आंख, हार्ट, लिवर, किडनी बीमारी से ग्रसित जरूरतमंद लोगों को डोनेट किए जाएंगे ।मील ने कहा कि अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं ।उन्होंने अपील करते हुए कहा कि लोकल लोग ज्यादा से ज्यादा बॉडी डोनेट करेंगे तो डॉक्टरों के लिए रिसर्च बहुत आसान हो जाएगी। देहदान करने आई महिला संगीता ने कहा कि अंगदान करके बहुत खुशी हो रही क्योंकि मेरी बॉडी के पार्ट किसी जरूरतमंद के काम आएंगे और स्टूडेंट्स व डॉक्टर्स के लिए रिसरर्च भी आसान हो जाएगी । अंगदान करने का संकल्प लेना चाहिए और जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाना चाहिए ।

## प्राथमिक कक्षाओं में सरल और मजेदार बनेगी पढ़ाई

नई दिल्ली, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाई पहले से ज्यादा सरल और मजेदार बनेगी। इस दिशा में दिल्ली सरकार के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से त्यागराज स्टेडियम में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के लिए टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) की दो दिवसीय राज्य स्तर की प्रदर्शनी आयोजित की गई। शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबरॉय ने इसका उद्घाटन किया। दोनों ने अलग-अलग स्टॉल को देखा और शिक्षकों को इस प्रदर्शनी से अधिक से अधिक सीखकर उसे अपनी कक्षाओं में उपयोग करने के किए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में दिल्ली सरकार के स्कूलों, एमसीडी स्कूलों और दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों ने प्रारंभिक वर्षों में छात्रों की बुनियादी शिक्षा को बेहतर और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सीखने के विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव मॉडल का प्रदर्शन किया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि बच्चों को किताबों के अतिरिक्त सिखाने के लिए विभिन्न टीचिंग लर्निंग मटेरियल का इस्तेमाल करना जरूरी है। जिसमें खेलने के साधारण खिलौनों से लेकर गिनती और गणित सीखने के लिए विभिन्न जोड़-तोड़ वाले टीएलएम शामिल हों। शिक्षक टीएलएम के जरिए पढ़ाई को सकारात्मक और अनुकूल वातावरण तैयार कर कक्षाओं को हैप्पी क्लासरूम में तब्दील करेंगे। मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के सभी स्कूलों के शिक्षकों और प्रिंसिपलों को इस प्रदर्शनी में आना चाहिए और देखना चाहिए कि कैसे-कैसे इनोवेटिव आइडियाज के साथ हम बच्चों को पढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीचिंग लर्निंग मटेरियल के साथ बच्चों का डर तो खत्म होगा ही साथ ही उन्हें गणित सीखने में मजा भी आएगा।

## हिंसा के एक ओर आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत

गुरुग्राम, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। पुलिस जांच में लापरवाही के कारण ही हिंसा के एक ओर आरोपी को कोर्ट से जमानत मिल गई। इस मामले के दो आरोपियों को कुछ दिन पूर्व ही कोर्ट ने जमानत पर रिहा कर दिया था। इस प्रकरण में पुलिस के जांच अधिकारी तीनों आरोपियों का हिंसा से कोई लिंक नहीं जोड़ पाए। ऐसे में अदालत ने आरोपी अभिजीत को 50 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी है। यह आदेश अतिरिक्त सत्र एवं न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान दिया है। मामला नूंह बवाल के बाद शहर में हुई हिंसा में बादशाहपुर अड्डे पर कबाड़ी की दुकान में आग लगाने से संबंधित है। आरोपी के खिलाफ बादशाहपुर निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके टिकली रोड के प्लॉट में वर्ग विशेष के लोग रहते है। एक अगस्त की रात करीब 10 कुछ युवक आए और दुकानों में आग लगा दी। आरोप है कि भीड़ ने दुकान में आग लगाई है, लेकिन आरोपी को किसी ने नहीं पहचाना।

## गांव गुरुकुल खेड़ा प्रदेश का पहला सोलर विलेज होगा

गुरुग्राम, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश के उचाना क्षेत्र का गांव गुरुकुल खेड़ा इस वर्ष नवंबर माह के अंत तक पूरी तरह से प्रदेश का पहला सोलर विलेज होगा। सौर ऊर्जा सिस्टम लगने के बाद घरों में सोलर के जरिए ही बिजली की सप्लाई होगी और गांव बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन जाएगा। यह बात उपमुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को सेक्टर-51 स्थित गुरुग्राम विश्व विद्यालय में प्रबंधन विभाग और कॉलेज ऑफ बिजनेस, वैलपराइसो विश्वविद्यालय, इंडियाना, यूएसए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कही। वह व्यापार की पुनर्कल्पना प्रौद्योगिकी एवं हरित प्रथाओं का उपयोग विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा ही वह बेहतर विकल्प है जो भारत में सतत विकास को गति दे सकता है। समाज की भलाई एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित प्रथाओं के उपयोग पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। भारत हरित विकास और ऊर्जा क्षेत्र में परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। हरियाणा प्रदेश देश की श्रेष्ठ इलेक्ट्रिक व्हीकल पालिसी के तहत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हमें हमारे विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में हरित ऊर्जा जैसे विषयों को भी प्राथमिकता देनी होगी।

## सीतारमण ने लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाने के साथ पुरी में शहीद के गांव की माटी एकत्रित की

पुरी/नई दिल्ली, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के पुरी में सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अंग्रेजों से विरासत में मिली गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए।

सीतारमण ने कहा कि भारत का विकसित और आत्म निर्भर होने का सपना तभी साकार होगा जब हम इस शपथ के मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने कहा, 卐प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने औपनिवेशिक मानसिकता की हर निशानी को हटा देने की आवश्यकता पर जोर दिया है।



सीतारमण के साथ कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शपथ को पढ़ा जिसमें कहा गया, हम भारत को वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की शपथ लेते हैं, हम औपनिवेशिक मानसिकता की हर निशानी को हटाने की शपथ लेते हैं, हम शपथ लेते हैं कि अपनी विरासत का जश्न मनाएंगे, हम एकता को मजबूत करने एवं देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने की शपथ लेते हैं और हम शपथ लेते हैं कि एक नागरिक की सभी जिम्मेदारी निभाएंगे।

इस दौरान सीतारमण के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने कहा, शहीदों के सम्मान में मोदी ने 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान की शुरुआत की है। मैं, आप सबका और भी अच्छे भारत के लिए शपथ लेने का धन्यवाद करता हूं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने प्रधान की मौजूदगी में पुरी जिले में मशहूर स्वतंत्रता सेनानी जयी राजगुरु के जन्मस्थान बिरहारकृष्णापुर में मेरी माटी, मेरे देश अभियान के तहत अमृत कलश (पवित्र घड़े) में माटी एकत्रित की। सीतारमण ने पुरी जिले में अभियान के अंतर्गत शहीदों और स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया।

इससे पूर्व, केंद्रीय वित्त मंत्री ने 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और पूजा-अर्चना की। सीतारमण के साथ इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा, स्थानीय विधायक जयंत सारंगी तथा ललितेंदु विद्याधर महापात्र मौजूद थे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मंदिर में आधे घंटे से अधिक समय पूजा की। सीतारमण ने मशहूर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक के 'मेरी माटी, मेरा देश' पर आधारित रेत कला सत्र भी देखा।

## गहलोत ने गंगनहर में पानी को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री मान से बात की

जयपुर, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गंगनहर में पानी न छोड़े जाने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की।

गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, गंगनहर में पानी नहीं आने के मुद्दे पर आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से फोन पर बात की। उन्होंने आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गंगनहर परियोजना राज्य के बीकानेर संभाग के कुछ जिलों में सिंचाई व पेयजल जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण है।

## किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश करने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

जौनपुर (उप्र), 17 अगस्त (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मछलीशहर तहसील के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मछलीशहर के एक गांव की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि 14 अगस्त की रात वह अपने पति व बेटी के साथ घर के बरामदे में सो रही थी, आधी रात को गांव के छह युवक पहुंचे और बेटी को बेहोश कर पास के एक खेत में ले गए, वहां सभी ने उसके साथ छेड़खानी की और दुष्कर्म की कोशिश की। शिकायत में कहा गया कि महिला के परिवार और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश है। उन्होंने बताया कि महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि बेटी के चिल्लाने की आवाज पर परिजन खेत में पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए।

## नूंह हिंसा: पलवल महापंचायत में भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

गुरुग्राम/पलवल, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। हरियाणा के पलवल में 13 अगस्त को सर्व हिंदू समाज महापंचायत में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्राथमिकी प्रोबेशनर उप निरीक्षक (पीएसआई) सचिन की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है, जिन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने पोंडरी गांव में सभा के दौरान दूसरे समुदाय के लोगों के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया था। पुलिस ने बताया कि सोमवार को हथीन थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153-ए (विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) और 505 (सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक बयान) समेत अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बुधवार को कहा, प्राथमिकी दर्ज की गई है और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हिंदू संगठनों की 'महापंचायत' में 28 अगस्त को नूंह में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की ब्रज मंडल यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला किया गया है, जो जुलाई में सांप्रदायिक हिंसा के बाद रोक दी गई थी। महापंचायत में कई मांगें भी की गईं, जिनमें 31 जुलाई को नूंह में विहिप की यात्रा पर हुए हमले की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराना और नूंह को गोहत्या-मुक्त जिला घोषित करना शामिल है। कुछ हिंदू नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि मुस्लिम बहुल जिले नूंह में हिंदुओं को आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस हासिल करने में छूट दी जानी चाहिए।

## प्रधानमंत्री ने प्रख्यात वैज्ञानिक वी.एस. अरुणाचलम के निधन पर दुख जताया

नई दिल्ली, 17 अगस्त (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रख्यात वैज्ञानिक और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. वी.एस. अरुणाचलम के निधन पर दुख व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने अरुणाचलम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके निधन से वैज्ञानिक समुदाय में एक बड़ा खालीपन आ जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट संदेश में कहा, डॉ. वी.एस. अरुणाचलम का निधन वैज्ञानिक समुदाय और रणनीतिक दुनिया में एक बड़ा खालीपन छोड़ गया है। उनके ज्ञान, अनुसंधान के प्रति जुनून और भारत की सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में समृद्ध योगदान के लिए उनकी बहुत प्रशंसा की गई। उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति। उल्लेखनीय है कि पूर्व डीआरडीओ प्रमुख 87 वर्ष के थे।

## पूछताछ के लिए थाने लाए गए किसान की संदिग्ध हालात में मौत

कानपुर (उप्र), 17 अगस्त (वेब वार्ता)। कानपुर जिले में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए हनुमंत विहार पुलिस चौकी लाये गए 42 वर्षीय किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

मृतक किसान के परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा चौकी में पूछताछ के दौरान प्रताड़ित किए जाने की वजह से किसान की मौत हुई है। वहीं, पुलिस ने इससे इनकार करते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि हृदय गति रुकने से किसान की मौत हुई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) रवींद्र कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि बिधनू निवासी दिनेश सिंह भदौरिया (42) को बुधवार को एससी/एसटी कानून से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए हनुमंत विहार पुलिस चौकी पर बुलाया गया था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। उन्होंने बताया कि भदौरिया घर जा रहा था तभी उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सहायक पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकिता शर्मा ने कहा,सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की गई है और इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला या पीड़ित के साथ किसी तरह के दुर्व्यवहार की बात सामने नहीं आयी है।' उन्होंने कहा कि परिस्थितियों से पता चलता है कि भदौरिया को दिल का दौरा पड़ा जिसकी वजह से उसकी मौत हो गयी। हालांकि, पीड़ित परिवार के सदस्यों ने पुलिस के इस दावे को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि भदौरिया को दिल की कोई बीमारी नहीं थी और पुलिस दोषियों को बचाने के लिए मनगढ़ंत कहानी बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस चौकी प्रभारी अशोक और वहां कुछ लोगों के साथ मौजूद एक महिला ने भदौरिया को प्रताड़ित किया और धमकाया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने पोस्टमार्टम कराने और पीड़ित परिवार द्वारा लिखित शिकायत देने पर संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

**IndoStar Home Finance Private Limited**
**Regd. Office:** - Unit No. 305, 3rd Floor, Wing 2/E, Corporate Avenue, Andheri- Ghatkopar Link Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400093
**CIN** : U65990MH2016PTC271587 **Tel:** +91 22 45107701
**Email:** contact@indostarhfc.com; **Website:** www.indostarhfc.com

**सूचना**

मास्टर डायरेक्शन- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी- हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2021 के पैराग्राफ 93 के अनुसार नोटिस दिया गया है कि कंपनी का शाखा कार्यालय **पहली मंजिल, बालाजी धर्मकांटा के सामने, खीचड़ो का बास, जयपुर रोड, सीकर-332001 (राजस्थान) में स्थित है। 17 नवंबर, 2023** के व्यावसायिक समय की समाप्ति से बंद रहेगा।
यदि किसी सहायता की आवश्यकता है, तो आप ऊपर बताए अनुसार निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या contact@indostarhfc.com पर एक ईमेल भेजें।
यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट (www.indostarhfc.com) पर देखा जा सकता है।

**इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के लिए
एसडी/-
**निधि सदानी**
दिनांक: 17-08-2023 **कंपनी सचिव**

ELEMAC LIFTS
**ELEMAC LIFTS PVT. LTD.**
302, 33 Dharam Nagar, Near Mansarovar Metro Station, Jaipur - 302020
Mr. L.N. Kumawat
Mob.: 91-9251449989
Ph. : 0141-2947787
E-mail: laxmikumawat@elemaclifts.com
Web. : www.elemaclifts.com
Toll-Free No. : 1800 180 7787

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय नरेश कुमार का मकान, नानी गेट के बाहर, सालासर बस स्टैण्ड, सीकर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com